राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान
(गृह मंत्रालय, भारत सरकार)

दिनांक : २९-०८-१२

निविदा सूचना

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली द्वारा प्रशिक्षण सामंग्री के हिंदी अनुवाद, पुनरीक्षण व प्रूफ रीडिंग इत्यादि के लिए मोहर बंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं |

कार्य का विवरण निर्मलिखित प्रशिक्षण सामग्री का

अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद, हिन्दी टाइपिंग का पुनरीक्षण अनुवाद एवम प्रूफरीडिंग :-

विषय	कूल पृष्ठ
आपदा प्रबंधन में जियोइन्फारमैटिक्स अनुप्रयोग	२३१
बाढ़ जोखिम शमन और प्रबंधन	१९४
रासायनिक (औद्योगिक) आपदा प्रबंधन	१५८
आपदा प्रबंधन में मनोसमाजिक देखभाल	१६२
एनडीआरएफ कमांडरों के लिए आपदा प्रबंधन	२३७
जिला आपदा प्रबंधन योजना	४१

निविदा प्रक्रिया:

निविदाएं दो भागो में अलग-अलग मोहर बंद लिफाफों में जमा किया जाना अनिवार्य है |

क) तकनीकी व्यवसाय निविदा

१) आवश्यक योग्यता : न्यूनतम २ साल का तकनीकी वैधानिक/प्रशिक्षण सम्बंधत सामग्री के हिन्दी अनुवाद कार्य का अनुभव

२) धरोहर राशि : रुपये १०,०००/- का बैंक ड्राफ्ट/पे-आर्डर, संस्थान के नाम किसी भी बैंक से

३) आखरी तीन साल के सरकारी/तकनीकी/वैधानिक/गैर सरकारी संस्थानों की सूची जहां हिन्दी अनुवाद का कार्य किया गया है | कार्य विवरण एवं सेम्पल की प्रति जमा करना अनिवार्य है |

ख) मूल्य निविदा

मूल्य निविदा सेवा शुल्क, कर एवं अन्य शुल्क मिलाकर जमा की जाए | उपरोक्त कार्य के मूल्य का निर्धारण प्रति पृष्ठ (करीब ३०० शब्द) के आधार पर दिया जाए. अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद, हिन्दी टकंन, पुनरीक्षण एवम प्रूफ़ रीडिंग के सम्पूर्ण कार्य का मूल्य प्रति पृष्ठ के आधार पर दिया जाये |

<u>निविदा की शर्ते</u>

क) निविदा पूर्णतया स्वच्छ टाइप की हुई बिना किसी त्रुटि एवं सुधार की हो

ख) निविदा निर्धारित समय सीमा के पश्चात सवीकार नहीं की जायेगी

ग) निविदा खुलने के बाद जमा की गई निविदा के मूल्यों में सुधार व परिवर्तन नहीं किया जाएगा

घ) शुल्क एवं अन्य शुल्क और कर का विवरण पूरा-पूरा मूल्य निविदा में लिखा जाए. इनकी अनुपस्थिति में जो मूल्य फ़र्म द्वारा लिए गए हैं सभी शुल्कों के साथ माने जायेगे

ङ) मूल्य का निर्धारण १ साल के लिए वैध होगा

च) सभी सम्बंधित कार्यों का कापीराइट राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान का रहेगा

<u>निविदा जमा कराने की अंतिम तिथि</u>

सीलबंद निविदाएँ इस विज्ञापन के अखबार में प्रकाशित होने की १५ दिन की अवधि के भीतर 'कार्यकारी निदेशक', राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान, ५-बी, आई.पी एस्टेट, समीप आई.टी.ओ., नई दिल्ली- ११०००२ में जमा की जाए. निविदाए फैक्स और ईमेल से स्वीकार नहीं किया जाएगा. अपूर्ण निविदाओं को स्वीकार नहीं की जाएँगी. सभी निविदाओ को निविदा जमा कराने की अंतिम तिथि के के बाद निर्धारित, कार्यदिवस पर बोली लगाने वाली फर्म के प्रतिनिधियों के सामने खोला जाएगा जिसके लिए अलग से सूचित किया जाएगा | प्रथम तकनीकी निविदा पत्रों

को खोला जाएगा तथा जिन फर्मों की निविदा उपयुक्त तथा सभी शर्तों के अनुरूप होगा, उन्ही फर्मों की मूल्य निविदा खोली जायेगी | इस सम्बन्ध में संस्थान द्वारा गठित कमिटी का निर्णय अंतिम माना जाएगा |

(कार्यकारी निदेशक)